# कार्यालय, प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी

हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय यूनानी महाविद्यालय/ चिकित्सालय

(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, मैनिट के पीछे, भोपाल)

Web: www.gumcbhopal.in E,mail: gumcbhopal@gmail.com Ph. 0755-2970354


## (किराये पर प्राप्त की जाने वाली टैक्सी/वाहन सेवाओं हेतु दर अनुबंध की 2026–27 हेतु ई निविदा)

1. हकीम सैयद जियाउल हसन शा./स्व. यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय, आयुष परिसर, कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, भोपाल में समय–समय पर किराये से प्राप्त की जाने वाली टैक्सी सेवाओं का दर अनुबंध स्थानीय ट्रेवल्स ऐजेन्सी से किया जाना है। दरों के अनुबंध हेतु http://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है।

   निविदाऐं प्राप्त एवं प्रस्तुत करने की तिथियां निम्नानुसार है :–

   निविदा प्रपत्र ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथिः– 30.03.2026 सायं 05.00 बजे

   निविदा ऑनलाईन खोले जाने की तिथिः– 31.03.2026 सायं 06.00 बजे

2. दर अनुबंध निविदा प्रस्तुत करने के नियम निर्देश एवं शर्ते महाविद्यालय की वेवसाइट www.gumcbhopal.in पर भी प्रदर्शित होकर उपलब्ध है ।
3. दर अनुबंध निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
4. इच्छुक ई–निविदाकर्ता ऑनलाइन http://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से दर अनुबंध निविदा प्राप्त कर सकते है। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा पृथक–पृथक आनलाइन प्रस्तुत की जाना है ।
5. सफल निविदाकार से किया गया अनुबंध कार्य आदेश दिनांक से 31 मार्च 2027 तक की अवधि हेतु मान्य होगा तथा दोनो पक्षों की सहमति से समान शर्तो एवं दरों पर अनुबंध अवधि में आगामी माहों में वृद्वि की जा सकेगी ।
6. निविदा स्वीकार होने पर सफल निविदाकार को एक अनुबंध राशि रूपये 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसका व्यय निविदाकार को वहन करना होगा।
7. ई.एम.डी.राशि रूपये 1000.00 शब्दों में (एक हजार मात्र) जिसे ई–पेमेन्ट के माध्यम से mptenders.gov.in पर tender सबमिट करते समय पेमेन्ट करना होगा। ई.एम.डी.राशि सफल निविदाकार को अनुबंध होने पर नियमानुसार वापस की जावेगी, शेष निविदाकारों की ई.एम.डी.राशि mptenders.gov.in के माध्यम से लौटा दी जावेगी। सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि (अनुबंध राशि के 3 प्रतिशत राशि रूपये 3000.00 तक) बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से महाविद्यालय में जमा करना होगी। निष्पादन प्रतिपूर्ति राशि बिना ब्याज के अनुबंध समाप्त होने पर वापस लौटा दी जावेगी। म.प्र.के एम.एस.एम.ई, लघु उद्यम तथा र्स्टाटअप को ई.एम.डी. राशि के भुगतान में छूट रहेगी। ई.एम.डी.राशि छूट प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है।
8. निविदाकर्ता संस्था द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले वाहनों का कॉम्प्रेहेंसिव इन्श्योरेंस होना अनिवार्य है, साथ ही मध्यप्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर लागू नियमों के अनुसार

Purchase order

24/2/26 24/2/26

Scanned with CamScanner

परमिट होना अनिवार्य है। वाहनों का क्षैत्रिय परिवहन कार्यालय में टैक्सी कोटे में पंजीयन आवश्यक है।

9. वाहन किराये की दरें समस्त करों सहित जिसमें ईधन तथा समस्त टैक्स शामिल है, किसी भी प्रकार का पथ/चुंगी टैक्स (टोल टैक्स) का वहन निविदाकर्ता द्वारा दिया जायेगा।

10. वाहन चालक की व्यवस्था निविदाकर्ता संस्था के द्वारा दी जायेगी तथा चालक का वेतन भत्ता वाहन में अन्य खर्च निविकर्ता द्वारा वहन किये जायेंगें।

11. वाहन चालक प्रतिदिन कार्य के लिए उपलब्ध होगा। वाहन चालक के अवकाश अथवा अनुपस्थिति की दशा में निविदाकर्ता द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी।

12. वाहन चालक के पास वैद्य लाइसेंस होना अनिवार्य है, वाहन चालक मेडीकली फिट होना चाहिए। वाहन चालक का मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

13. सफल निविदाकर्ता के द्वारा जिस वाहन चालक की व्यवस्था की जायेगी, उसका पुलिस वेरिफिकेशन करवाया जावेगा, एवं वाहन चालक पर कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है एवं वह किसी गैर कानूनी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

14. एल–1 फर्म को कार्य हेतु आदेश दिया जायेगा, यदि वह फर्म निर्धारित अवधि में शर्तो का पालन न करते हुए अथवा किसी अन्य कारण से टैक्सी सेवाऐ प्रदान नहीं करती हैं, तो ऐसी स्थिति में जमा निष्पादन प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जावेगी, तथा संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्टिंग करने की कार्यवाही की जावेगी। साथ ही एल–1 फर्म से अनुबंध उपरांत किराये से प्राप्त टैक्सी सेवा अवधि मे किसी प्रकार की दुर्धटना/दावा/वीमा इत्यादि की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबधित अनुबधित फर्म की होगी ।

15. निविदाकर्ता फर्म का गुमास्ता (स्थानीय स्तर का) संबंधित कार्य का होना तथा जीएसटी नं. होना अनिवार्य है।

16. निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2023–24, 2024–25 का टर्न ओवर न्यूनतम रुपये 05 लाख होना आवश्यक है, जिसके साक्ष्य के रुप में वित्तीय वर्ष 2023–24, 2024–25 की आयकर विवरणी तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक है ।

17. निविदाकर्ता द्वारा कार्यादेश का कुछ भाग या पूर्ण भाग अन्य किसी ठेकेदार/व्यक्ति को नहीं सौंपेगा। यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा किसी अन्य फर्म/व्यक्ति को कार्य सौंपता है या कार्य कराता पाया जाता है तो उसका अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात की जावेगी एवं संबंधित फर्म को Black Listed किया जायेगा, जिसमें किसी भी तरह का वाद विवाद नहीं किया जावेगा तथा एल–02 निविदाकर्ता से अनुबध किया जावेगा ।

18. निविदाकर्ता फर्म प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्था से ब्लैक लिस्टेड नहीं होनी चाहिए। यदि जानकारी प्राप्त होती है, तो निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात कर संबधित फर्म की निविदा/अनुबध निरस्त कर दिया जावेगा। इस संदर्भ में ब्लैक लिस्टेड न होने का घोषणा



24/2/26 24/2/26

Scanned with CamScanner

पत्र/शपथ पत्र राशि रुपये 100.00 के नान जूडिशियल स्टांप पर तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

19. दर अनुबंध–निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रधानाचार्य को होगा, जो सभी को मान्य एवं बंधनकारी होगा। साथ ही म0प्र0 भंडार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित–2022 के प्रवधानों के अनुसार वित्तीय निविदा मे प्राप्त दरों पर प्रति प्रस्ताव की मंजूरी भी रहेगी ।

20. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा इसका पालन करना होगा।

21. निविदाकर्ता फर्म के पास शासकीय संस्था मे किराये से टैक्सी सेवा का कार्य अनुभव होना आवश्यक है ।

22. लधु उद्यम तथा स्टार्टअप संबधी शासकीय अभिलेख तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

23. दर अनुबंध तकनीकी निविदा का विश्लेषण करते समय केवल वांछित दस्तावेजों(चैक लिस्ट के अनुसार) को ही विचार में क्षेत्र में लिया जावेगा ।

24. किसी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा ।

(डॉ0 मेहमूदा बेगम)
प्रधानाचार्य/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय/स्वशासी
यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल

24/2/26 24/2/26

Scanned with CamScanner

# कार्यालय, प्रधानाचार्य / मुख्य कार्यपालन अधिकारी

हकीम सैय्यद ज़ियाउल हसन शासकीय यूनानी महाविद्यालय / चिकित्सालय

(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड़, मैनिट के पीछे, भोपाल)

Web: www.gumcbhopal.in E.mail: gumcbhopal@gmail.com Ph. 0755-2970354


प्रपत्र – ब

| S.n. | Name Of Work | Upto 50 Km | Above 50 Km |
|---|---|---|---|
| 01 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – Dezire 08 Hrs | | |
| 02 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – Dezire Per Km with stay charge | | |
| 03 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – Innova 08 Hrs | | |
| 04 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – Innova Per Km with stay charge | | |
| 05 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – Traveller 16 seater 08 Hrs | | |
| 06 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – Bolaro 08 Hrs | | |
| 07 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – Bolaro per Km with stay charge | | |
| 08 | Vehicle Hiring Service - Bolaro Local 800 Km Per Month | | |
| 09 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – 52 Seater Bus 08 Hrs | | |
| 10 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – Loading 407 truck with Loading & Unloading charges | | |
| 11 | Vehicle Hiring Service - Tata Magic Local 800 Km Per Month | | |
| 12 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – Loading Auto Ape 08 Hrs with Loading & Unloading charges | | |
| 13 | Vehicle Hiring Service - Per Vehicle-Day Basis – Innova Full Day | | |

24/2/26 24/2/26

Scanned with CamScanner

# कार्यालय, प्रधानाचार्य / मुख्य कार्यपालन अधिकारी

हकीम सैय्यद ज़ियाउल हसन शासकीय यूनानी महाविद्यालय / चिकित्सालय
(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड़, मैनिट के पीछे, भोपाल)
Web: www.gumcbhopal.in E.mail: gumcbhopal@gmail.com Ph. 0755-2970354


## (किराये पर प्राप्त की जाने वाली टैक्सी सेवाओं हेतु दर अनुबंध की निविदा)

(तकनीकी ई–निविदा प्रपत्र)

1. निविदाकर्ता फर्म का नाम---------------------------------------------

2. फर्म के मालिक का नाम------------------------- पिता का नाम-----------------

3 वर्तमान निवास का पता---------------------------------------------

4 दूरभाष / मोबाईल नम्बर---------------------------------------------

5 GSTIN NO.---------------------------------------------

6 जीवित गुमास्ता नं.......................................दिनांक ..........................

7. निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 का टर्न ओवर न्यूनतम 05 लाख होना आवश्यक है जिसके साक्ष्य के रुप में वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 की आयकर विवरणी / चार्टर्ड एकाउंटेन्ट द्वारा जारी प्रमाण पत्र तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक है ।

8. जीवित गुमास्ता संबधित कार्य का होना अनिवार्य होगा । जिसे तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक है ।

9. निविदाकार फर्म किसी शासकीय /अशासकीय / अर्धशासकीय संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट नही होना चाहिऐ इस हेतु शपथ पत्र राशि रु 100.00 एक सौ मात्र के नान ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

10. निविदाकर्ता फर्म के पास शासकीय संस्था मे किराये से टैक्सी सेवा संचालन का कार्य अनुभव होना आवश्यक है, जिसका प्रमाण तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक है ।

11. लघु उद्यम तथा स्टार्टअप संबधी शासकीय अभिलेख तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

निविदाकर्ता का नाम-------------------

24/2/26

24/2/26

Scanned with CamScanner

# कार्यालय, प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी

हकीम सैय्यद ज़ियाउल हसन शासकीय यूनानी महाविद्यालय/ चिकित्सालय
(कोलार-नेहरू नगर बायपास रोड़, मैनिट के पीछे, भोपाल)
Web: www.gumcbhopal.in E.mail: gumcbhopal@gmail.com Ph. 0755-2970354

(किराये पर प्राप्त की जाने वाली टैक्सी सेवाओं हेतु दर अनुबंध की निविदा)

## चैक-लिस्ट

| क्रं. | दस्तावेजों के नाम | संलग्न हॉ/नहीं |
|---|---|---|
| 1 | जीवित गुमास्ता संबंधित कार्य का होना आवश्यक है, की छायाप्रति। | |
| 2 | पेनकार्ड की छायाप्रति | |
| 3 | GSTIN. पंजीयन (जीवित) प्रमाण-पत्र की प्रति | |
| 4 | वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 का टर्न ओवर न्यूनतम 05 लाख के साक्ष्य के रुप में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की आयकर विवरणी की प्रति/चार्टर्ड एकाउंटेन्ट द्वारा जारी प्रमाण पत्र | |
| 5 | किसी भी शासकीय/अशासकीय/अर्धशासकीय संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट न होने का घोषणा पत्र/शपथ पत्र राशि रु 100.00 के नान ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइजड | |
| 6 | लघु उद्यम तथा स्टॉटअप संबधी शासकीय अभिलेख तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा । | |
| 7 | ई.एम.डी. राशि की ई-प्रिंटिंड प्रति<br>(प्रधानाचार्य हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय/स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के नाम से)<br>अथवा एम.एस.एम.ई. पंजीयन प्रमाण पत्र | |
| 8 | टैक्सी/वाहन का दुर्धटना/दावा/वीमा की छायाप्रति। | |
| 9 | पी.यू.सी. सर्टिफिकेट की छायाप्रति। | |
| 10 | टैक्सी कोटे का पंजीयन की छायाप्रति। | |
| 11 | वाहन चालक का वैध लायसेंस की छायाप्रति। | |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..................................

निविदाकर्ता का नाम ..................................

मोबाइल नं0 ..................................

नोट :-चैक लिस्ट के सरल क्र-01 से 11 तक के अभिलेखों के आधार पर ही तकनीकी निविदा का विश्लेषण किया जावेगा इन्ही अभिलेखों के आधार पर तकनीकी निविदा मान्य/अमान्य की जायेगी इनके अतिरिक्त किन्ही अन्य अभिलेखों को विचार क्षेत्र में नहीं लिया जावेगा ।

24/2/26 24/2/26

प्रपत्र-03

Purchase order

Scanned with CamScanner

# कार्यालय, प्रधानाचार्य / मुख्य कार्यपालन अधिकारी

हकीम सैय्यद ज़ियाउल हसन शासकीय यूनानी महाविद्यालय / चिकित्सालय

(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड़, मैनिट के पीछे, भोपाल)

Web: www.gumcbhopal.in E.mail: gumcbhopal@gmail.com Ph. 0755-2970354


## //शपथ –पत्र //

मैं ......................................................................पिता श्री........................ ............................निवासी ............................................................................... ..............................................उम्र ........... वर्ष शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी महाविद्यालय में टैक्सी / वाहन हायरिंग हेतु निविदा में दी गई समस्त शर्तो का पूर्ण होशो–हवास में अध्ययन कर लिया है जिसकी समस्त शर्ते मुझे मान्य है। एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत समस्त दस्तावेज वैधानिक हैं एवं किसी भी शासकीय संस्था द्वारा मेंरी फर्म को ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है। निविदा की शर्तो का पालन नहीं करने एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज त्रुटिपूर्ण पाये जाने की स्थिति में यदि मेरी निविदा / अनुबंध निरस्त की जाती है, तो मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नही होगी।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ...................

निविदाकर्ता का नाम ..........................

मोबाइल नं0 ......................................

गवाह / साक्षी के हस्ताक्षर ...................

गवाह / साक्षी का नाम ........................

मोबाइल नं0 ..............................................

नोट :– उक्त शपथ पत्र राशि रु 100.00 एक सौ मात्र के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

24/2/26 24/2/26

Scanned with CamScanner